Govt. Registered Social Justice Union

दैनिक

# न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्याससाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, शनिवार 09 जुलाई 2022 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-04, अंक- 281

# 14 जुलाई से शुरू हो रही कांवड़ यात्रा में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम, ड्रोन से होगी निगरानी, हाइवे पर तैनात रहेंगे जवान

**हरिद्वार (आरएनएस)।** कांवड़ मेले में सुरक्षा के मद्देनजर भीड़ वाले क्षेत्रों में ड्रोन से निगरानी की जाएगी। हरिद्वार पुलिस के पास चार ड्रोन हैं। वहीं अन्य जिलों से ड्रोन की मांग की जा रही है। जरूरत पडऩे पर ड्रोन को किराए पर भी लिया जाएगा। इसके साथ ही कांवड़ मेले के दौरान जिले में तथा हाईवे पर अर्धसैनिक बलों की छह कंपनियां तैनात की जाएंगी। श्रावण मास की शिवरात्रि का कांवड़ मेला 14 जुलाई से शुरू हो रहा है। इसके लिए व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही है। कांवड़ पटरी मार्ग पर पथ प्रकाश के साथ ही लाउड स्पीकर लगाए जा रहे हैं। इसके साथ ही मेला क्षेत्र व जिले में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल, अर्धसैनिक बल व बम निरोधक दस्ते को तैनात किया जाएगा।

एसपी सिटी व कांवड़ मेले के नोडल अधिकारी स्वतंत्र कुमार सिंह ने बताया कि कांवड़ मेले में एक पुलिस अधीक्षक, 12 अपर पुलिस अधीक्षक और अन्य पुलिस अधीक्षकों के साथ ही 67 थाना प्रभारियों की ड्यूटी लगाई गई है।

उन्होंने कहा, कांवड़ मेले के दौरान क्षेत्र व जिन रास्तों से कांवड़िए गुजरेंगे, वहां ड्रोन से निगरानी रखी जाएगी। इस बार कांवडिय़ों की भीड़ को देखते हुए पुलिस फोर्स की संख्या भी बढ़ा दी गई है। बाहरी जिलों से भी फोर्स की मांग की गई है। इसके साथ ही अर्धसैनिक बलों की तैनाती भी की जाएगी।



सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस उपनिरीक्षक (330), महिला उपनिरीक्षक (80), मुख्य आरक्षी (190), (आरक्षी 2 हजार), महिला आरक्षी (326), यातायात निरीक्षक (5), यातायात उप निरीक्षक (12), यातायात मुख्य आरक्षी (40), यातायात आरक्षी (156), एलआईयू से 29 एसआई, हेड कांस्टेबल एलआईयू (15), महिला आरक्षी एलआई से 50 को तैनात किया जाएगा।

वहीं पीएसी की 15 कंपनी तैनात की जा रही हैं। इसके साथ ही फ्लड टीम की एक कंपनी की भी तैनाती की जा रही है। इसके अलावा एटीएस की एक गुलदार टीम, बीडीएस की छह टीम, स्वान के छह दल, पीआरडी के 500 व होमगार्ड के 1200 जवान तैनात किए जाएंगे। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. योगेंद्र सिंह रावत ने बताया कि फोर्स के तमाम जवानों के हरिद्वार पहुंचते ही ड्यूटी लगा दी जाएगी।

कांवड़ मेला की तैयारी जोरों पर है। प्रशासन की ओर से शिवमूर्ति से भीमगोड़ा बेरियर तक जीरो जोन लागू किया गया है। जीरो जोन के दायरे में जिला, मेला और महिला अस्पताल हैं। कांवड़ यात्रियों की भीड़ बढऩे पर मरीज और तीमारदारों को अस्पताल तक पहुंचने में खासी दिक्कतें उठानी पड़ सकती है। ज्यादा परेशानी उत्तरी हरिद्वार क्षेत्र के लोगों को होगी। हालांकि कांवड़ मेला और विभिन्न पर्व स्नान पर श्रद्धालुओं की भीड़ और इस क्षेत्र के लोगों को होने वाली दिक्कतों को देखते हुए करीब छह माह से उत्तरी हरिद्वार में 9.87 करोड़ की लागत से शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण कराया जा रहा है।

ब्रिडकुल की ओर से कराए जा रहे निर्माण कार्य को पूरा होने में अभी साल डेढ़ साल और वक्त लगेगा। ऐसे में कांवड़ मेले के दौरान इस क्षेत्र के लोगों की मुश्किलें बढऩी तय है। समस्या से निजात दिलाने को जिम्मेदारों के पास ठोस जवाब नहीं है।

14 से 27 जुलाई तक चलने वाली कांवड़ यात्रा में इस साल करीब चार करोड़ श्रद्धालुओं के पहुंचने का अनुमान है। श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए जिला प्रशासन की तैयारियां जोर शोर से चल रही हैं।

बात स्वास्थ्य महकमे की तैयारियों की करें तो मेला क्षेत्र में श्रद्धालुओं को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराने को हर की पौड़ी से नारसन बॉर्डर तक 17 मेडिकल रिलीफ पोस्ट बनाए जा रहे हैं। जहां राउंड द क्लॉक दो-दो डॉक्टर और एक-एक फार्मासिस्ट और वार्ड ब्वाय की तैनाती का दावा किया जा रहा है, वहीं जरूरी दवाइयों के अलावा प्रत्येक अस्थायी अस्पताल के बाहर छोटी एंबुलेंस और एक-एक बाइक तैनात किए जाने की भी बात कही जा रही है।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. कुमार खगेंद्र सिंह ने कहा, कांवड़ यात्रा को देखते हुए हर की पौड़ी से नारसन बॉर्डर तक बनाए जा रहे 17 अस्थायी अस्पतालों में छह उत्तरी हरिद्वार क्षेत्र में होंगे। अस्थायी अस्पताल के बाहर बाइक दस्ता भी होगा, जो आपात स्थिति में गंभीर मरीजों को लेकर निकटवर्ती स्थायी अस्पताल पहुंचेंगे।

उन्होंने कहा, इस क्षेत्र में कांवड़ यात्रियों की भीड़ बढऩे पर यदि उन्हें जिला, मेला या महिला अस्पताल की ओर से लाना संभव नहीं होगा तो ऐसे मरीजों को एम्स ऋषिकेश की ओर से भेजा जाएगा। उत्तरी हरिद्वार में करीब दस करोड़ की लागत से शहरी सीएचसी का निर्माण चल रहा है। हालांकि इसका लाभ क्षेत्रवासियों को आगामी कुंभ में ही मिल पाएगा।

## उत्तराखंड में बड़ा हादसा, नदी के तेज बहाव में बही पंजाब के पर्यटकों की कार, 9 की मौत

**रामनगर (आरएनएस)।** उत्तराखंड के रामनगर में आज सुबह एक बड़ा हादसा हुआ है। यहां उफनाई ढेला नदी में कार गिरने से 9 पर्यटकों की मौत हो गई है। मरने वाले सभी लोग पंजाब के रहने वाले हैं। पुलिस मृतकों की शिनाख्त में जुटी है। पर्यटक पंजाब के पटियाला निवासी बताए गए हैं।



प्रथम जानकारी के अनुसार रामनगर कोटद्वार रोड के बीच स्थित कॉर्बेट नेशनल पार्क के ढेला जोन में यह हादसा हुआ है। बताया जा रहा है कि पंजाब के रहने वाले 11 लोग आर्टिगा गाड़ी में उत्तराखंड के पर्यटन स्थलों पर घूमने के लिए निकले थे।

इसी बीच आज सुबह तकरीबन 5 बजे उनकी कार रामनगर की ढेला नदी के नजदीक पहुंची। भारी बारिश के चलते नदी उफन रही थी और पुल के ऊपर से पानी बह रहा था। इसके बावजूद ड्राइवर ने सावधानी नहीं बरती और गाड़ी को तेज रफ्तार में पुल से पार कराने लगा, लेकिन तेज धार के चलते पर्यटकों से भरी कार नदी में गिर गई।

कुमाउं रेंज के डीआईजी आनंद भारन ने दुर्घटना के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि 9 पर्यटकों की मौत हो गई है।

## पबजी खेलने के लिए 6 साल के मासूम को उतारा मौत के घाट, पहले फेवीक्विक से चिपकाया मुंह फिर शौचालय में छिपाई लाश

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** देवरिया जनपद के लार थाना क्षेत्र के हरखौली गांव से एक ऐसी खबर सामने आई है जिसे जानकर आप भी हैरान हो जायेंगे। यहाँ के निवासी गोरख यादव के अपहृत बेटे संस्कार यादव (6) वर्ष का शव पुलिस ने सुबह शिक्षक के मकान स्थित शौचालय से बरामद किया। आरोप यह है कि पढ़ाने वाले शिक्षक के पौत्र ने कोचिंग पढऩे आते 6 साल के संस्कार की हत्या की। आरोपी ने पुलिस को घटना के कारणों के बारे में बताया कि पबजी के खेलने को लेकर दादा और दादी हमेशा डांटते थे। इससे परेशान होकर दोनों को फंसाने के लिए संस्कार को मार डाला, ताकि जेल के सलाखों के पीछे भेजवा सकूं। हत्या करने के पहले गांव की दुकान से फेवीच्क्वि खरीदकर लाया। इसके बाद संस्कार के मुंह में चिपका दिया, ताकि शोर न मचा पाए।

बताया जा रहा है कि हरखौली गांव निवासी संस्कार यादव गांव तीन बहनों का इकलौता भाई था। वह गांव के ही नरसिंह शर्मा के घर प्रतिदिन कोचिंग पढऩे के लिए जाता था। घर वालों के अनुसार संस्कार बुधवार की दोपहर कोचिंग पढऩे के लिए गया था, लेकिन घर वापस नहीं आया। जिसके बाद घर वालों ने उसकी खूब तलाश की, लेकिन वह नहीं मिला। जब पिता कोचिंग सेंटर पर गए तो जानकारी मिली की संस्कार बुधवार को पढऩे नहीं आया था। इसके बाद परिजन उसकी तलाश में जुट गए। देर शाम गांव के ही एक खेत में एक पत्र मिला। जिस पर यह लिखा था कि बालक के पिता गोरख यादव पांच लाख रुपये की व्यवस्था करें नहीं तो तुम्हारें लडक़े को नहीं छोड़ा जाएगा। यह पत्र मिलते ही परिवार सहित पूरे गांव में हलचल मच गई। घर वालों ने पुलिस को घटना की जानकारी दी। एसपी संकल्प अपनी टीम सहित मामले की जाँच में जुट गए। जिसके बाद कोचिंग पढ़ाने वाले शिक्षक के पौत्र को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने गुरुवार को सच्चाई उगल दी। आरोपी ने बताया कि गायब छात्र का शव शिक्षक के घर के दरवाजे पर स्थित शौचालय में है।

इस मामले में पुलिस ने बताया कि आरोपी अरुण शर्मा (18) ने पबजी खेलने का आदी है। इसके लिए दादा, दादी से अक्सर रुपये मांगता था। इस पर दादा, दादी आए दिन डांटते रहते थे। ग्रामीणों के अनुसार, कुछ दिन पहले आरोपी जान देने के लिए रेल लाइन के पास पहुंच गया था। पर लोगों ने उसे समझा बुझाकर लौटाया था। पुलिस सूत्रों के अनुसार जुर्म कबूल करते हुए उसने पुलिस को बताया है कि दादा, दादी को जेल भेजवाने के लिए संस्कार की हत्या कर शव को शौचालय में छिपा दिया था।

## शिवसेना ने शिंदे को सीएम बनाने के लिए आमंत्रित करने के राज्यपाल के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में दी चुनौती

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** सुप्रीम कोर्ट शुक्रवार को शिवसेना के उद्धव ठाकरे धड़े के महासचिव की उस नई याचिका पर 11 जुलाई को सुनवाई के लिए तैयार हो गया, जिसमें एकनाथ शिंदे को महाराष्ट्र का मुख्यमंत्री बनने के लिए आमंत्रित करने के राज्यपाल के कदम को चुनौती दी गई है। शिवसेना नेता सुभाष देसाई का प्रतिनिधित्व कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता देवदत्त कामत ने न्यायमूर्ति इंदिरा बनर्जी और न्यायमूर्ति जे. के. माहेश्वरी की पीठ के समक्ष कहा कि वे 11 जुलाई को सुनवाई के लिए निर्धारित अन्य लंबित याचिकाओं के साथ नई याचिका को सूचीबद्ध करने की मांग करते हैं। कामत ने कहा, हम एकनाथ शिंदे की मुख्यमंत्री के तौर पर नियुक्ति को चुनौती दे रहे हैं।



शीर्ष अदालत ने कहा कि इसे 11 जुलाई को उपयुक्त पीठ के समक्ष सूचीबद्ध किया जाएगा। याचिका में कहा गया है, यह प्रस्तुत किया जाता है कि प्रतिवादी संख्या 4 को मुख्यमंत्री बनाने के लिए राज्यपाल की 30 जून, 2022 की कार्रवाई पूरी तरह से मनमानी और असंवैधानिक है। शिवसेना के अध्यक्ष उद्धव ठाकरे हैं। पिछला संगठनात्मक चुनाव 2018 में हुआ था और इसकी सूचना भारत के चुनाव आयोग को दी गई थी। शिवसेना के संगठनात्मक ढांचे में कोई बदलाव नहीं आया है और उद्धव ठाकरे का नेतृत्व निर्विवाद और चुनौती रहित है। शिंदे के नेतृत्व वाले शिवसेना विधायकों के विद्रोह के परिणामस्वरूप हाल ही में महा विकास अघाड़ी (एमवीए) सरकार गिर गई।

याचिका में कहा गया है कि राज्यपाल बागी विधायकों को एक राजनीतिक दल के रूप में मान्यता नहीं दे सकते, क्योंकि यह बहुदलीय लोकतंत्र के कामकाज पर मौत की घंटी बजाएगा। याचिका में कहा गया है कि दसवीं अनुसूची के पैरा 4 के तहत परिकल्पित कोई विलय नहीं है और शिवसेना के अध्यक्ष (उद्धव ठाकरे) ने सार्वजनिक रूप से और स्पष्ट रूप से भाजपा का समर्थन नहीं किया था। इसमें कहा गया है, इन बागी विधायकों का किसी अन्य राजनीतिक दल में विलय नहीं हुआ है या एक नया राजनीतिक दल नहीं बनाया है, इसलिए भले ही यह मान लिया जाए कि उन्होंने विधायक दल की 2/3 ताकत हासिल कर है, दसवीं अनुसूची का पैरा 4 बिल्कुल भी इसे सही नहीं ठहराता है।

दलील दी गई है कि इन परिस्थितियों में शिवसेना के 39 बागी विधायकों (जिन्हें शिवसेना द्वारा समर्थन नहीं है) के प्रमुख के रूप में शिंदे को मुख्यमंत्री बनाने के उद्देश्य से राज्यपाल का कदम अपने आप में पूर्व ²ष्टया असंवैधानिक है। याचिका में कहा गया है, संविधान दसवीं अनुसूची के तहत एक राजनीतिक दल के बागी विधायकों की मान्यता को प्रतिबंधित करता है और राज्यपाल की कार्रवाई संविधान द्वारा स्पष्ट रूप से निषिद्ध है।

## बिलासपुर में बादल फटा, कई मकान क्षतिग्रस्त, पशुशाला मे बंधे पशु भी तेज बहाव में बहे

**घुमारवीं (आरएनएस)।** हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर जिले के घुमारवीं उपमंडल की ग्राम पंचायत कूह मझवाड़ में बादल फटने से काफी नुकसान हुआ है। बीती रात क्षेत्र में भारी बारिश हो हुई। देर रात लगभग दो बजे जोरदार धमाका हुआ जिससे क्षेत्र में अफरातफरी मच गई है। यह बादल गांव भगौट, पालगरी व पडग़ेल में फटा। जिससे पडग़ेल नाला भारी उफान के साथ बहता हुआ दिखा। पानी के तेज बहाव में चार पशुशाला बह गई व कई मकान भी क्षतिग्रस्त हुए हैं। लोगों ने भागकर अपनी जान बचाई। पशुशाला मे बंधे पशु भी पानीं में बह गए और कुछ दब गए हैं।

सरवन पुत्र ख्यारू व महंत राम पुत्र ख्यारू की दो गोशालाएं पानी के बहाव में बह गई हैं। इन दोनों गोशालाओं के अंदर बंधी दो भैंस व 7 बकरियां भी पानी में बह गई है। परिवार के सभी सदस्य सुरक्षित हैं। यह जानकारी पंचायत प्रधान रेखा देवी ने दी है। उन्होंने बताया कि गत रात्रि बादल फटने से क्षेत्र में काफी नुकसान हुआ है जिसमें लोगों की जमीन भी तबाह हो गई है।

पिछले 24 घंटे के दौरान मंडी जिले के कटौला में 125.6 मिमी, बलद्वाड़ा में 79.0 मिमी, सरकाघाट में 77.3 मिमी बारिश हुई है। बिलासपुर के बरठीं में 84 मिमी और घुमारवीं में 92.4 मिमी बारिश हुई है। हमीरपुर के भराड़ी में 107.0 मिमी, सुजानपुर टीहरा 79.0 मिमी और शिमला के रोहड़ू में 72 मिमी बारिश हुई है।

## राजधानी-शताब्दी ट्रेनों में सस्ती होगी चाय-कॉफी, 50 रुपये सर्विस चार्ज घटाने की तैयारी में रेलवे

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** राजधानी-शताब्दी एक्सप्रेस ट्रेन के एसी-2 व 3 कोच में 20 रुपये की चाय और उस पर 50 रुपये सर्विस चार्ज को लेकर सोशल मीडिया पर किरकिरी होने के बाद रेलवे बोर्ड इसमें सुधार का विचार कर रहा है। इसको लेकर अगले हफ्ते तक आदेश जारी हो सकते हैं।

रेलवे बोर्ड के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि प्रीमियम ट्रेन राजधानी-शताब्दी, दुरंतो, गतिमान, वंदे भारत एक्सप्रेस आदि में टिकट बुक कराते समय कैटरिंग सुविधा लेना वैकल्पिक है। लेकिन बीच सफर के दौरान रेल यात्री नाश्ता, दोपहर-रात के खाने का ऑर्डर करते है, तो उनको 50 रुपये अतिरिक्त सर्विस चार्ज देना होगा, जो खाना अथवा नाश्ते की दर से अलग होगा।



**2017 में रेलवे बोर्ड ने जारी किया था आदेश-** इन प्रीमियम ट्रेनों में टिकट बुक कराते समय कैटरिंग लेने वाले रेल यात्रियों से अतिरिक्त सर्विस चार्ज नहीं लिया जाता है। रेलवे ऐसे यात्रियों से कैटरिंग चार्ज बुकिंग के समय ले लेता है। ज्ञात रहे कि जून 2017 को रेलवे बोर्ड ने आदेश जारी कर कहा था टिकट बुकिंग कराते समय जिन यात्रियों ने कैटरिंग सुविधा नहीं ली थी, यात्रा के दौरान केवल चाय अथवा कॉफी का आर्डर होने पर भी यात्री से 50 रुपये अतिरिक्त सर्विस चार्ज लिया जाएगा। इसको लेकर 2018 में आईआरसीटीसी ने दोबारा 50 रुपये सर्विस चार्ज पर रेलवे बोर्ड की राय मांगी। बोर्ड ने सर्विस चार्ज को यथावत रखने के आदेश जारी किए थे।

**सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था मामला-** बीते दिनों 50 रुपये सर्विस चार्ज लेने का मामला उस समय सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था, जब एक यात्री ने बिल की तस्वीर शेयर की। यात्री ने एक कप चाय के लिए ?70 रुपये चुकाए थे। तस्वीर में देखा गया कि यात्री ने 20 रुपये के चाय के लिए 50 रुपये का सर्विस चार्ज दिया। घटना उस समय हुई, जब यात्री 28 जून को शताब्दी एक्सप्रेस ट्रेन में दिल्ली से भोपाल जा रहा था।

**रेलवे का सर्विस चार्ज का तर्क-** रेलवे बोर्ड का तर्क है कि एडवांस टिकट बुकिंग में कैटरिंग ठेकेदार को जानकारी रहती है कि सफर के दौरान कितने यात्रियों को चाय, नाश्ता, दोपहर व रात का खाना देना है। लेकिन सफर के बीच में आर्डर मिलने पर खानपान का इंतजाम करने के लिए रेलवे को अगले स्टेशनों पर होटल-रेस्तरां आदि से खाना मांगना पड़ता है। इसके अलावा प्रत्येक ट्रेन में एडवांस बुकिंग के अलावा खाना लेकर चलने पर बिक्री नहीं होने से ठेकेदार को नुकसान उठाना पड़ता है। इसलिए सफर के दौरान खाना, चाय-कॉफी पर अतिरिक्त 50 रुपये सर्विस चार्ज का प्रावधान किया गया है।

इसके अलावा प्रीमियम ट्रेनों में फुटकर खाद्य सामग्री जैसे चिप्स, बिस्किट, नमकीन आदि की बिक्री पर प्रतिबंध है। ठेकेदार खराब होने वाले खाना के नुकसान की भरपाई नहीं कर सकता है। जबकि 400 मेल-एक्सप्रेस ट्रेनों में फुटकर खाद्य सामग्री की बिक्री होती है। इसलिए इनमें अतिरिक्त सर्विस चार्ज नहीं लिया जाता है।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### तमिलनाडु में ट्रेलर ट्रक और बस की टक्कर, छह लोगों की मौत

**चेन्नई (आरएनएस)।** तमिलनाडु के चेंगलपट्ट जिले के मदुरंतकम के पास शुक्रवार को एक सडक़ दुर्घटना में दो महिलाओं समेत छह यात्रियों की मौत हो गई और दस अन्य घायल हो गए। यह दुर्घटना उस समय हुई जब तमिलनाडु में चेन्नई और तिरुचि के बीच राष्ट्रीय राजमार्ग पर तमिलनाडु राज्य परिवहन निगम (टीएनएसटीसी) की बस सुबह करीब 7.45 बजे एक कंटेनर ट्रक के पिछले हिस्से से जा टकराई। बस चेन्नई से चिदंबरम के रास्ते में थी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बस का बायां हिस्सा फट गया। पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को चेंगलपट्टू के सरकारी अस्पताल पहुंचाने के लिए एंबुलेंस की व्यवस्था की।

### नवाजुद्दीन सिद्दीकी की पत्नी के खिलाफ हुई शिकायत दर्ज

**उज्जैन (आरएनएस)।** फिल्म अभिनेता नवाजुद्दीन सिद्दीकी की पत्नी आलिया के खिलाफ उज्जैन निवासी क्रिएटिव प्रोड्यूसर ने 31 लाख रुपए की धोखाधड़ी करने के आरोप लगाया है। तीन साल पूर्व होली काउ फिल्म की शूटिंग के दौरान खर्च हुए रुपये देने में आनाकानी करने के मामले में बडनग़र पुलिस को शिकायती पत्र दिया गया है। पुलिस इस मामले में प्रारंभिक जांच कर रही है। उज्जैन के ऋषिनगर निवासी सुनील गड़वाल रुद्राक्ष फिल्म एवं मल्टीमीडिया के प्रोप्राइटर हैं। उन्होंने शिकायत की है कि अक्टूबर 2018 में अभिनेता नवाजुद्दीन सिद्दकी की पत्नी आलिया निवासी वरसोवा अंधेरी वेस्ट मुंबई ने उनकी बहन मंजू गड़वाल के माध्यम से सम्पर्क किया था।

### कर्नाटक में भारी बारिश, 7 जिलों में रेड अलर्ट जारी

**बेंगलुरू (आरएनएस)।** कर्नाटक के अधिकतर हिस्सों में शुक्रवार को भी भारी बारिश जारी है। सात जिलों के लिए रेड अलर्ट जारी किया गया है। तेज बारिश के कारण लोग भूस्खलन और बाढ़ के खतरे का सामना कर रहे हैं। राज्य के 14 जिलों में भारी बारिश हो रही है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए, मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने शुक्रवार को जिला प्रभारी मंत्रियों, उप कलेक्टरों और जिला अधिकारियों की एक बैठक बुलाई है। बोम्मई अपने गृह कार्यालय कृष्णा से वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए स्थिति का जायजा लेंगे और बारिश प्रभावित क्षेत्रों में शुरू किए गए राहत उपायों की निगरानी करेंगे। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने दक्षिण कन्नड़, उत्तर कन्नड़, उडुपी, चिक्कमगलूर, शिवमोग्गा, कोडागु, हासन जिलों के लिए रेड अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के मुताबिक, राज्य में जुलाई के दौरान 94 फीसदी से अधिक बारिश हुई है। राज्य के तटीय और पहाड़ी क्षेत्रों के स्कूलों और शिक्षण संस्थानों में अवकाश घोषित कर दिया गया है। दक्षिण कन्नड़ जिले में बुधवार को भूस्खलन से तीन मजदूरों की मौत हो गई। कृष्णा और कावेरी नदी स्थित घाटी क्षेत्रों के लोग बाढ़ के खतरे का सामना कर रहे हैं।

### लालू यादव की तबीयत में सुधार, बेटी मीसा भारती ने शेयर कीं तस्वीरें

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** बिहार के पूर्व सीएम लालू यादव की तबीयत में पहले से सुधार आया है, लालू की बेटी मीसा भारती ने इस बात की जानकारी दी है। उन्होंने कुछ तस्वीरें भी साझा की हैं। मीसा भारती ने कहा, आप सब की दुआओं और एम्स दिल्ली की अच्छी चिकित्सीय देख-रेख से आदरणीय लालू प्रसाद जी की तबीयत में काफी सुधार है। अब आपके लालू जी बिस्तर से उठकर बैठ पा रहे हैं। सहारा लेकर खड़े हो पा रहे हैं। हर मुसीबत से लडक़र बाहर आने की कला लालू जी से बेहतर कौन जानता है। अपने मनोबल और आप सब की दुआओं की बदौलत लालू जी की स्थिति अब काफी बेहतर है। कृपया अफवाहों पर ध्यान ना दें। साथ बनाए रखें, दुआओं में लालू जी को याद रखें। दरअसल डॉक्टरों ने उनके मेडिकल हिस्ट्री को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए एयर एंबुलेंस के जरिए लालू को एम्स दिल्ली में भर्ती कराया गया है। लालू यादव राबड़ी देवी के सरकारी आवास 10, सर्कुलर रोड पर सीढिय़ों से गिर गए थे। इससे उनके दाएं कंधे में फ्रैक्चर हो गया था और कमर में भी चोट आई थी।